अंतर-संसदीय संघ की 150वीं सभा

स्रोत: पी.आई.बी.

लोकसभा अध्यक्ष ने **भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल** के साथ **उज़्बेकिस्तान के ताशकंद** में आयोजित **अंतर-संसदीय संघ (IPU) की 150 वीं बैठक** में भाग लिया।

अंतर-संसदीय संघ (IPU)

- **वर्ष 1889** में स्थापित अंतर-संसदीय संघ, **संसदीय कूटनीति के माध्यम से शांति** को बढ़ावा देने वाला **राष्ट्रीय संसदों का वैश्विक संगठन** है।
  - इसका **मुख्यालय जिनेवा** में है, इसमें **182 संसद सदस्य** और **15 सहयोगी सदस्य (वर्ष 2025)** हैं।
  - **मुख्य रूप से सदस्यों के योगदान से वित्त पोषित**, इसका नारा है: **"फॉर डेमोक्रेसी। फॉर एवरीवन।"**
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य **संसदों को जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये सशक्त बनाकर** लोकतांत्रिक **शासन, संवाद** और **क्षमता निर्माण** को बढ़ावा देना है।
- **IPU असेंबली:** यह इसका प्रमुख वैधानिक निकाय है, जो **लोकतंत्र, मानवाधिकार, शांति और सतत् विकास** पर प्रस्तावों पर चर्चा करने और उनका अंगीकरण करने के लिये **वर्ष में दो बार बैठक** आयोजित करता है।
- **150वें IPU संबंधी प्रमुख तथ्य:** भारत ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से समावेशी लोकतंत्र पर ज़ोर दिया, **'वसुधैव कुटुंबकम'** जैसे मूल्यों को बढ़ावा दिया, **उज़्बेकिस्तान, इज़रायल और कज़ाकिस्तान** के साथ **नियमित संसदीय आदान-प्रदान** का प्रस्ताव रखा एवं **ताशकंद** में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की।

और पढ़ें: भारत-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन, भारत और उज़्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/150th-assembly-of-the-inter-parliamentary-union